उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्या–1036–कार्य/चौदह–पाकालि/2022–01–के/2021

दिनांकः 19 मई, 2022

प्रबन्ध निदेशक
पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणान्चल/पश्चिमांचल
विद्युत वितरण निगम लि0,
वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं केस्को,
कानपुर।

निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/वितरण/वाणिज्य/कारपोरेट प्लानिंग),
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

विषयः– उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं वितरण निगमों द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की कारपोरेट भण्डार क्रय/कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले प्रकरणों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कारपोरेशन के पत्र संख्या–750–कार्य/चौदह/पाकालि/2020–3–के/2000 टी0सी0 2020 दिनांक 26 जून 2020 **(छायाप्रति संलग्न)** जिसके द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की कारपोरेट भण्डार क्रय/कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले प्रकरणों के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्देशित किया गया है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें :–

1– वर्तमान की भाँति उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के प्रकरण से सम्बन्धित निदेशक अथवा प्रबन्ध निदेशक, वितरण निगम द्वारा अपने–अपने स्कन्ध अथवा वितरण निगम यथास्थिति सम्बन्धित प्रकरणों में सी0एस0पी0सी0 की बैठक आहूत कराकर समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

2– बैठक के पूर्व एजेण्डा की एक प्रति एवं बैठक के बाद कार्यवृत्त की एक प्रति संयुक्त सचिव (कार्य), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को प्रेषित करेंगे। संयुक्त सचिव (कार्य) इन अभिलेखों को सुरक्षित रखेंगे एवं उच्चाधिकारियों द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे।

परन्तु यह देखा गया है कि उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिस कारण से समिति के समक्ष कितने प्रकरण प्रस्तुत किये गये है एवं इन पर किस प्रकार के निर्णय लिये गये है, की सूचना कारपोरेशन मुख्यालय में उपलब्ध नही हो पा रही हैं।

अतः निर्देशित है कि भविष्य में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की कारपोरेट भण्डार क्रय/कार्य समिति की बैठक के पूर्व एजेण्डा की एक प्रति तथा बैठक के बाद कार्यवृत्त की एक प्रति अपर सचिव–प्रथम कारपोरेशन मुख्यालय को अवश्यमेव ई मेल आइडी–jointsecretarywork.uppcl@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त विगत 03(तीन) वित्तीय वर्षो में सी0एस0पी0सी0 में निर्णीत हुये प्रकरणों के कार्यवृत्त की प्रतियां भी कारपोरेशन मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय,

(पंकज कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

क्रमशः......2

**संख्या : 1036–(1)–कार्य / चौदह–पाकालि / 2022 तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. अपर सचिव–I, II, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।
4. कट फाइल।

(पंकज कुमार)
प्रबन्ध निदेशक